Uttar Pradesh: नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 7 राज्यों में फैला नेटवर्क, 19 जिलों में तलाश

Uttar Pradesh: आगरा में नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने ताजगंज स्थित एकता चौकी क्षेत्र में नकली घी की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया, जिससे बड़े पैमाने पर घी की जालसाजी का मामला सामने आया। नकली घी बनाने वाले माफिया का नेटवर्क असम से लेकर जम्मू-कश्मीर तक फैला हुआ था। फैक्ट्री के मालिक बृजेश, नीरज और पंकज अग्रवाल फरार हैं। पुलिस ने तीन दिन तक ग्वालियर में डेरा डाले रखा, लेकिन वे खाली हाथ लौट आए।

नकली घी की सप्लाई यूपी में सबसे ज्यादा

पुलिस ने जानकारी दी कि नकली घी की सप्लाई यूपी के कई जिलों में सबसे ज्यादा की गई। फैक्ट्री से 13 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं, जिनमें घी, रिफाइंड, वनस्पति और अन्य अज्ञात पदार्थ शामिल हैं।

पांच गिरफ्तार, बाकी आरोपियों की तलाश

पुलिस ने फैक्ट्री के मैनेजर सहित पांच लोगों को मौके से गिरफ्तार किया है, जबकि फैक्ट्री के मालिक और अन्य आरोपी फरार हैं। डीएम और एसपी को पत्र लिखकर इस मामले में गिरफ्तारियों की मांग की गई है।

नकली घी के वितरकों की गिरफ्तारी की मांग

वही पत्र के माध्यम से नकली घी के खरीददारों और वितरकों की जानकारी दी गई, और इनकी गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। पंजाब, राजस्थान, असम, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और बिहार के जिलों में भी पत्र भेजे जा रहे हैं।

Source: https://bharatsamachartv.in/aagara-nakalee-ghee-banaane-kee-phaiktree-ke-bhandaaphod-ka-maamala-nakalee-ghee-bechane-vaalon-kee-19-jilon-mein-talaash-nakalee-ghee-khareedane-bechane-vaalon-kee-giraphtaaree-kee-maang-aise-logon-k/